बर्दवान
आसनसोल
दुर्गापुर
रानीगंज

शिल्पांचल
सन्मार्ग
नमोऽस्तु रामाय सलक्ष्मणाय देव्यै च तस्यै जनकात्मजायै नमोऽस्तुरुद्रेन्द्रयमानिलेभ्यो नमोऽस्तुचन्द्रार्कमरुद्गणेभ्यः

मंगल
वार
21 नवम्बर, 2017
www.sanmarg.in



सड़क हादसे में व्यक्ति के घायल होने के बाद पथ अवरोध करते स्थानीय लोग

सोमवार की शाम को खड़गपुर के नये रूट रिले केबिन का परिदर्शन करते दक्षिण पूर्व रेलवे के जीएम एसएन अग्रवाल

दिल्ली पब्लिक स्कूल में 'वार्षिक कार्निवल-2017' की धूम

आसनसोल : दिल्ली पब्लिक स्कूल आसनसोल में रविवार को वार्षिक कार्निवाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रतीक गोयनका (मैनेजिंग ट्रस्टी, दिल्ली पब्लिक स्कूल आसनसोल) ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुरुआत मां सरस्वती की वंदना के साथ हुआ। कार्यक्रम के दौरान ऐसा प्रति हो रहा था जैसे विद्यालय प्रांगण सम्पूर्ण भारत का प्रतिनिधित्व कर रहा हो साथ ही अनेकता में एकता का सुंदर सामंजस्य देखने को मिल रहा था। महाराष्ट्र, असम , पश्चिम बंगाल, जम्मू एवं कश्मीर, राजस्थान, गायन और मधुर संगीत के सम्मिश्रण का भी श्रोताओं ने भरपूर आनंद लिया। सोने पर सुहागे के रूप में सा -रे – गा - मा – पा की प्रतिभागी (फाइनेलिस्ट) सोहिनी मुख़र्जी की प्रस्तुति ने पूरे पण्डाल को सुर लहरियों में डुबो दिया I सभी उनके साथ झूमते नज़र आए। दिल्ली पब्लिक स्कूल की संगीत अध्यापिका तानिया मुख़र्जी (सा -रे – गा - मा – पा की ही टॉप 10 फाइनेलिस्ट) के मधुर स्वरों ने सभी को संगीतमय कर दिया। उपस्थित अभिभावकों और छात्रों ने प्रस्तुति का आनंद लिया। आनंदोत्सव की इस लहर में अभिभावक भी पीछे नहीं रहे , उन्होंने भी प्रस्तुति देकर अपनी

आसनसोल में दिल्ली पब्लिक स्कूल में कार्यक्रम पेश करते बच्चे

गुजरात,तमिलनाडु , पंजाब से सम्बंधित स्टॉल्स में छात्रों की रचनात्मकता स्पष्ट झलक रहा था। विद्यालय अक्षर ज्ञान-केंद्र होने के साथ व्यावहारिक ज्ञान का भी केंद्र होता है। इसी प्रमाणित करते हुए छात्रों ने बड़ी तत्परता से अपनी–अपनी स्टॉल्स के विषय में अभिभावकों को समझाते दिखे। अलग–अलग प्रान्तों की वेशभूषा में छात्र विद्यालय के वातावरण को रंगमय कर रहे थे। कार्निवाल में आए बच्चों ने विभिन्न खेलों के साथ टॉयट्रेन एवं झूलों का भी आनंद उठाया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की छटा तो निराली ही थी, छात्रों ने भिन्न – भिन्न प्रान्तों के नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया। जाग्रत उपस्थिति का आभास कराया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रतीक गोयनका ने 'मैथ्स ओलम्पियाड' में 'अंतर्राष्ट्रीय स्तर' पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले द्वितीय कक्षा के वेदान्त गाधियान को दस हज़ार रुपये , राज्य स्तरीय 'कराटे' प्रतियोगिता में प्रथम स्थान एवं जिला स्तरीय 'गोला फेंक' प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त नवीं कक्षा की छात्रा अन्विता चटर्जी को क्रमश: पांच हज़ार एवं सात सात हजार रुपये और जिला स्तर पर ही 'चैस' में द्वितीय स्थान प्राप्त सातवीं की छात्रा राजनंदिनी शाह को पांच हज़ार रुपये नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।